मध्यप्रदेश

दैनिक भास्कर, इंदौर, रविवार 25 जनवरी, 2015

इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल से बढ़े साइबर क्राइम

कार्यशाला में आईजी ने दी जानकारी

भास्कर संवाददाता. इंदौर

कार्यशाला में साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी देते आईजी कपूर।

कम्प्यूटर और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ ही साइबर क्राइम में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आधुनिक अपराधों के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह होने वाले साइबर अपराधों से बचने का एकमात्र तरीका है जागरूकता।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में कही। इसमें एसबीआई के 51 वरिष्ठ अधिकारी, विजिलेंस अधिकारी और जोनल अधिकारी शामिल थे। आईजी कपूर ने बताया कि अपराधियों द्वारा कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अपराधों के अंजाम दिया जाता है। किस तरह आम नागरिकों, संस्थाओं, कार्यालयों आदि की जानकारी चुराकर और इंटरनेट के माध्यम से वायरस भेजकर नुकसान पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कार्यालय, राज्य शासन या अर्द्धशासकीय कार्यालय सभी स्थानों पर इंटरनेट के माध्यम से काम हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में एक छोटी सी गलती से भी निजी या शासकीय नुकसान हो सकता है। इनसे बचने के लिए साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा हर क्षेत्र में काम करने वाले आधुनिक संचार साधनों का उपयोग करते हैं इसलिए उन्हें आईटी एक्ट की जानकारी भी होना चाहिए। जानकारी होगी तो गलती नहीं होगी। आईजी ने अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।